

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

ओमिक्रॉन दे सकता है वैक्सीन को चकमा... 12

परमेष्ठि सम्मान से आज विभूषित होंगे राज्यपाल... 10

# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ | वर्ष: 13 | अंक: 48 | मूल्य: ₹3.00/- | पेज : 12

लखनऊ | सोमवार | 29 नवंबर, 2021



## 'पोर्टल सेरा व साहित्यिक चोरी सॉफ्टवेयर' के बारे में दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केंद्रीय पुस्तकालय एवं आईएआरआई नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम सेन्सीटाइजेशन ऑन प्रोग्रेस यूजेस ऑफ डिजिटल लाइब्रेरी फॉर स्ट्रैंथनिंग एग्रीकल्चर नॉलेज इन नारेस आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धर्मराज सिंह एवं आईएआरआई नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.अमरेंद्र कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. अमरेंद्र कुमार ने कृषि कोर्स पोर्टल सेरा एवं साहित्यिक चोरी सॉफ्टवेयर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पावर प्रजेंटेशन द्वारा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई तथा उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं एवं वैज्ञानिकों को शोध कार्य एवं शोध ग्रंथ के कार्य में यह महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस कार्यक्रम का पंजीकरण करने की प्रक्रिया भी विस्तार पूर्वक समझाएं गई। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय पुस्तकालय की प्रभारी डॉ. सीमा सोनकर ने किया इस कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में निदेशक शोध डॉ एच जी प्रकाश, एकेएमयू के प्रभारी डॉ आनंद स्वरूप श्रीवास्तव,डॉ मनोज कटियार, डॉ राकेश गौतम, डॉ नंदकिशोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दैनिक जागरण कानपुर 29/11/2021

## सीएसए में डिजिटल लाइब्रेरी के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**जासं, कानपुर :** सीएसए विवि में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आइएआरआइ नई दिल्ली की ओर से एक दिवसीय कार्यक्रम सेंसिटाइजेशन आन प्रोग्रेस यूजेस आफ डिजिटल लाइब्रेरी का आयोजन किया गया। शुभारंभ विवि के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डा. धर्मराज सिंह व आइएआरआइ के प्रधान वैज्ञानिक डा. अमरेंद्र कुमार ने किया। डा. अमरेंद्र ने कृषि कोर्स पोर्टल सेरा व साहित्यिक चोरी रोकने के लिए विशेष साफ्टवेयर के बारे में जानकारी दी।